दिनांक 6 अप्रैल 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने भिलाई के मोबाइल टीम ने किया शहर का निरीक्षण

भिलाई नगर/ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराने के लिए आज भिलाई निगम की मोबाइल टीम ने प्रातः से निरीक्षण करना प्रारंभ कर दिया! 1 दिन पूर्व भी सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर लॉकडाउन में दुकानें बंद रखने समझाई दे दी गई थी! आज मोबाइल टीम ने सभी मार्केट क्षेत्र, बाजार क्षेत्र, दुकानों का निरीक्षण किया! लॉकडाउन से छूट प्राप्त दुकानों एवं संस्थाओं को छोड़कर शेष दुकाने बंद पाई गई! वहीं कुछ लोग निकल कर आवागमन कर रहे थे जिनसे पूछताछ की गई , इनके पहचान पत्र का निरीक्षण किया गया! इनमें से कई चिकित्सक निकले जो अस्पताल की ओर रवाना हो रहे थे , कुछ अपना इलाज कराने के लिए निकले थे, कुछ कोविड टेस्ट एवं टीकाकरण के लिए निकले थे! इनकी चिकित्सक द्वारा दी गई रिपोर्ट का परीक्षण किया गया! इस प्रकार से घरों से इमरजेंसी कार्य से आने-जाने वालों का पहचान पत्र की रोक-रोक कर जांच की गई! टीम ने नेहरू नगर , वैशाली नगर, खुर्सीपार, सेक्टर क्षेत्र एवं मदर टैरेसा नगर के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया! दुकानें बंद पाई गई! निगम आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम की मोबाइल टीम पूरे शहर का दौरा कर रही है! अनावश्यक निकलने वालों से सघन पूछताछ की जा रही है! सभी से लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने की अपील की जा रही है! आज लॉकडाउन के प्रथम दिन पूरे शहर में सन्नाटा पसरा रहा! रहवासी लॉकडाउन में अपने घर पर सुरक्षित रह कर शासन-प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं! कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि घर पर रहें , सुरक्षित रहें! कोविड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर अपना कोरोना जांच जरूर कराएं!